# जिला कलेक्टर को निजी अस्पतालों की जांच के आदेश, न्यायाधीश ने जारी किये नोटिस

**बीदासर,** (निसं)। तीन थानाधिकारीयो और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसंधान व निरीक्षण कार्यवाही में गंभीर त्रुटियां पाये जाने पर बीदासर न्यायालय द्वारा नाराजगी जाहिर कर इनके विरूद्ध नोटिस जारी कर प्रकरण को अग्रिम अनुसंधान के लिये लौटा दिया गया।

प्रकरण एक निजी अस्पताल से जुड़ा है। विगत साल जून माह की 15 तारीख को चूरू जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा द्वारा जीवन रक्षा अस्पताल बीदासर का औचक निरीक्षण किया था और पुलिस थाना बीदासर में मुकदमा दर्ज करवाया था, जिसमें थानाधिकारी बीदासर ने अभियुक्त ऋषिकेश कड़वासरा के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 95/2022 धारा 419, आईपीसी व धार 15 इंडियन मेडिकल काउंसलिंग एक्ट में चार्जशीट दिनांक 19.04.2023 को न्यायालय में पेश की थी। जिसे आरोपी के वकील ने प्रसंज्ञान के समय यह कहते हुए चुनौती दी थी कि उनका मुव्वक्किल तो केवल मेल नर्स की हैसियत से ही कार्य कर रहा था, उस पर सारा दोष मढ़ दिया गया हैं और बाकि अपने चहेतों को निकाल दिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर मनमोहन चंदेल ने इस प्रकरण में अभिलेख पर मौजूद सामग्री पर विचार उपरांत यह माना कि प्रकरण के तीनों ही अनुसंधान अधिकारियों जो पुलिस उपनिरीक्षक व पुलिस निरीक्षक रैंक के अधिकारी थे, ने और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा द्वारा हस्तगत प्रकरण में वास्तविक दोषियों को बचाने की गुरेज से विधि के निर्देश की अवज्ञा की तथा न्यायिक कार्यवाही में विधि के प्रतिकूल अपर्याप्त रिपोर्ट पेश की हैं, जिसके लिये उन्हें नोटिस जारी कर अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा गया हैं।



बीदासर कस्बे में स्थित न्यायालय।

**अग्रिम अनुसंधान डीएसपी बीदासर को दो माह में रिपोर्ट पेश करने के आदेश:-** न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने पुलिस के अनुसंधान को तथा निरीक्षण की कार्यवाही को अपूर्ण व दोषपूर्ण माना है और अग्रिम अनुसंधान करने के लिये अब बीदासर पुलिस उप अधीक्षक को आदेश देकर 2 माह में रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि अपने आदेश में न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर मनमोहन चंदेल ने वर्तमान में राजस्थान राज्य में पारित स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम 2023 की व्याख्या भी संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत करते हुए जिला कलेक्टर चूरू को आदेश दिये हैं कि वे भी न्यायालय आदेश प्राप्त होने के 01 माह के भीतर चुरू जिले में संचालित निजी अस्पतालों के संबंध में न्यायिक आदेश के अनुसार प्रमाणिकरण परीक्षण हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही कर रिपोर्ट न्यायालय में पेश करने को कहा है।

यह अपने आप में पहला मामला हैं जब कोर्ट ने प्रमुख सचिव व जिला कलेक्टर को निजी अस्पतालों में आवश्यक परमिट यथा भूमि, निर्माण, बिजली और पानी, मलजल प्रणाली, बायोमेडिकल वेस्ट तथा एलपीजी सिलेंडर रखने की अनुमति इत्यादि तथा आवश्यक लाईसेंस यथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र, ब्लड बैंक के लिये लाईसेंस, पीएनडीटी अर्थात प्रीनेटल डायग्नोस्टिक टेस्ट एक्ट, 1996 के व पीसीपीएनडीटी एक्ट 1971 के तहत जारी लाईसेंस पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत जारी लाईसेंस कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत एवं ड्रग्स व कॉस्मेटिक अधिनियम, 1940 के तहत जारी लाईसेंसों को चैक करने के आदेश दिये हैं। शायद यह फैसला आमजन के लिये मील का पत्थर साबित हो। न्यायालय ने तत्कालीन बीदासर थानाधिकारी महेन्द्र कुमार, थानाधिकारी विकास चन्द्र, एवं वर्तमान थानाधिकारी जगदीश सिंह की उक्त प्रकरण में कार्यवाही को दोषपूर्ण माना और यदि ये दोषी पाये गये तो इनके खिलाफ कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकती है।

## बिरजू सिंह शेखावत अध्यक्ष बने

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं अभिभाषक संस्था की कार्यकारिणी के मंगलवार को संपन्न हुए चुनावों में अध्यक्ष पद पर एडवोकेट बिरजू सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष पद पर बिजेंद्र सिंह बारहठ व महासचिव पद पर सुरेंद्र कुमार भूपेश निर्वाचित हुए है। जबकि सह सचिव पद पर विकास झाझड़िया, कोषाध्यक्ष पद पर धर्मवीर मीणा व पुस्तकालय सचिव महेंद्र कुमार कुमावत निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचन अधिकारी सुभाषचंद्र, नफीस अहमद खां व द्वारकाप्रसाद वर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर बिरजू सिंह शेखावत व विजय कुमार ओला के मध्य मुकाबला था। जिसमें बिरजूसिंह शेखावत को 201 व विजय कुमार ओला को 178 मत मिले। इस प्रकार शेखावत 23 मतों से विजयी हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर विजेंद्र सिंह बारहठ व मुर्करम अंसारी के मध्य मुकाबला था। जिसमें बारहठ को 195 व अंसारी को 181 मत मिले। इस प्रकार बारहठ 14 मतों से विजयी हुए। जबकि महासचिव पद पर मीना कुमारी व सुरेंद्र कुमार भूपेश के मध्य हुए मुकाबले में मीना कुमारी को 167 व सुरेंद्र भूपेश को 211 मत मिले। इस प्रकार भूपेश 44 मतों से विजयी हुई। कुल 425 मतों में से 382 मत पड़े थे।

## सार-समाचार

### ममता हुई पुरस्कार से सम्मानित




**चूरू,** (कासं)। राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में चूरू बालिका महाविद्यालय की छात्रा ममता भार्गव को सत्र 2020-21 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जयपुर में उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने उत्कृष्ट स्वयं सेविका पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एस.पी.भटनागर, डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव, अति. कॉलेज शिक्षा आयुक्त केसर सिंह मीणा आदि ने ममता को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य आशा कोठारी ने बताया कि यह पुरस्कार स्वयंसेविका को सामाजिक उत्थान के कार्यों, कोरोना महामारी में जागरूकता, साक्षरता व सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने में उल्लेखनीय योगदान के लिये दिया गया है। महाविद्यालय पहुंचने पर छात्रा का भव्य अभिनन्दन किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड़, सचिव भागीरथ शर्मा, प्राचार्य आशा कोठारी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मला सैनी, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी कविता पंसारी व महाविद्यालय स्टॉफ ने ममता का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा ने महाविद्यालय के अनुशासित व कुशल मार्गदर्शन के लिये आभार व्यक्त किया।

### शिविर में कार्ड वितरित किये




**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख तहसील में आयोजित राजस्थान सरकार द्वारा महंगाई राहत कैंप में सिद्धमुख तहसीलदार बबीता ढिल्लो, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, सरपंच प्रतिनिधि बलॉक कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश जांगिड, कांग्रेस नेता अमर सिंह रतिवाल एवं कांग्रेस के होनहार मजबूत कार्यकर्ता गणेश राजपुरोहित एवं कांग्रेसी नेता मानसिंह चाहर आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को कैंप में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए सहयोग किया। साथ ही रजिस्ट्रेशन कराने वालों को राजस्थान सरकार द्वारा योजनाओं के लाभ मिलने वाले कार्ड वितरण किये गये।

### मंहगाई राहत कैंप का शुभारंभ



**सादुलपुर,** (निसं)। मंहगाई राहत कैंप प्रशासन गाँवों के संग अभियान अन्तर्गत लसेडी में लाभार्थी को मुखमंत्री गारंटी कार्ड वितरित करते हुए अशोक पूनिया अध्यक्ष देहात ब्लॉक अध्यक्ष, सीताराम प्रजापत शहर ब्लॉक अध्यक्ष, सरपंच संदीप पूनिया, एसडीएम रणजीत कुमार बिजारणिया, हमीरवास नायब तहसीलदार रविशंकर, बिजली विभाग के एईएन रमेश जांगिड, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी करतार सिंह टांडी, सरपंच बलजीत पूनियां व संदीप पूनियां से साथ-साथ तमाम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शिविर का बहिष्कार जारी

**सुजानगढ़,** (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर ग्राम विकास अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश पर रह कर प्रशासन गांवों के संग अभियान तथा महंगाई राहत शिविर का बहिष्कार किया। शाखाध्यक्ष गौरव कालेर व जिला मंत्री जीवणराम नेहरा ने बताया कि संघ के साथ किए गए लिखित समझौतों एवं सात सूत्री मांग पत्र को लेकर राज्य सरकार द्वारा जब तक सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जायेगी, तब उनका आन्दोलन जारी रहेगा। मंगलवार को धरने पर जितेन्द्र सिंह, जुगलकिशोर, गोविन्दराम सारण, भंवरसिंह, बजरंगसिंह, भंवरलाल मेघवाल, सुमेरसिंह, राजेश बेरवाल मौजूद थे।

## कैम्पों में मिले गारंटी कार्ड

**चूरू,** (कासं)। दादाबाड़ी, अंबेडकर भवन व मनोरंजन क्लब में सभापति पायल सैनी ने कैम्पों का निरीक्षण किया। महंगाई राहत कैंपों में मुख्यमंत्री राहत कार्ड प्राप्त कर लाभार्थी खुश नजर आये। जिला मुख्यालय स्थित दादाबाड़ी में चल रहे शिविर में सभापति पायल सैनी ने मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये। इस मौके पर उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से संवाद करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में हर वर्ग को लाभान्वित करने वाली योजनाओं का सूत्रपात किया है। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि अंतिम लाभार्थी के रजिस्ट्रेशन तक शहर में शिविर जारी रहेंगे। किसी भी वार्ड का व्यक्ति, किसी भी वार्ड में जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। इस दौरान एक्सईएन पूर्णिमा यादव, प्रशासनिक अधिकारी सीताराम मीणा, जेईएन कैलाश डूडी, शहर अध्यक्ष असलम खोखर, गांधी दर्शन समिति के रियाजत खान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नगेंद्र सिंह, पार्षद गोकुल शर्मा, विश्वनाथ सैनी, चंद्रप्रकाश सैनी, कुलदीप तंवर, खालिद आदि उपस्थित थे।

## चिड़ावा पुलिस की दस टीमों ने 32 गिरफ्तारी की

**चिड़ावा,** (निसं)। पुलिस ने क्षेत्र में बडी कार्रवाई करते हुए दस टीमों का गठन कर एक साथ 32 गिरफ्तारियां की है। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। डीएसपी सुरेश शर्मा और सीआई इंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि कार्रवाई के तहत जुआ अधिनियम के तहत एक गिरफ्तारी सुलताना से महेंद्र कुमार की हुई है। वहीं वांछित और स्थाई वारंटियों पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। इसके साथ ही अन्य मामलों में वांछित 20 लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया।

**ये वारंटी गिरफ्तार:-** चिड़ावा के वार्ड 25 निवासी संतरा, वार्ड 30 निवासी महेन्द्र, वार्ड 19 निवासी अकबर अली, चिड़ावा के धतरवालो का बास तन ओजटू निवासी कुलदीप उर्फ सेठी, गोवला निवासी प्रभुदयाल उर्फ प्रभुराम, चिड़ावा के सुलताना निवासी अमित कुमार, श्योपुरा निवासी विनोद कुमार, अरडावता निवासी विनोद कुमार, श्योपुरा निवासी विनोद कुमार, पिलानी के वार्ड 19 निवासी रघुवीर को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया है।

**शांतिभंग में ये गिरफ्तार:-** चिड़ावा के श्योपुरा निवासी विनोद कुमार, बाड़मेर के धोरीमन्ना थाना क्षेत्र के जांभोजी का मंदिर निवासी सुनिल विश्नोई, चिड़ावा के खातीयो की ढाणी अडूका निवासी शिवा गुर्जर, बामलास थाना गुढा हाल किरायेदार लाखु निवासी अंकित भारद्वाज, चौधरी कॉलोनी निवासी बाबूलाल, पिलानी के बिगोदना निवासी अक्षय कुमार, सिंघाना निवासी जितेन्द्र, सिंघाना के रायपुर जाटाना निवासी राहुल, सुलताना निवासी विशाल, जयसिंहसर हाल सेही रोड चिड़ावा निवासी धमेन्द्र, चिड़ावा के ओजटू निवासी सुनिल उर्फ ब्रांड, सुलताना निवासी रोहित, चिड़ावा के वार्ड 23 निवासी राज, चिड़ावा के वार्ड 6 निवासी अभिषेक, ओजटू निवासी सचिन, चिड़ावा निवासी जयसिंह, यूपी निवासी रमेश, यूपी निवासी कल्लु, बदायु के उजहनी के कछला निवासी दर्शन और उजहनी के कछला निवासी अम्बरीश को गिरफ्तार किया गया है।

## जिला कारागृह को दरियां भेंट

**चूरू,** (कासं)। पूर्व बैंक अधिकारी सांवताराम ईसराण ने पुरस्कृत शिक्षक फोरम के जिला सचिव ओमप्रकाश तंवर की प्रेरणा से जिला कारागृह के पुस्तकालय के लिए 120 वर्ग फुट साइज की दस हजार रुपए मूल्य की चार दरियां भेंट की। जेलर कैलाश सिंह शेखावत ने दानदाता ईसराण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दरियों पर बैठकर बंदियों को पुस्तकें पढ़ने में सुविधा रहेगी। फोरम के सचिव ओमप्रकाश तंवर ने बताया कि सांवताराम ईसराण ने पूर्व में भी कारागृह को पुस्तकालय हेतु एक बड़ी आलमारी एवं पुस्तकें देकर सहयोग किया था। इस अवसर पर जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश फगेड़िया ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत असाक्षर बन्दियों के लिए साक्षरता की कक्षा का शुभारंभ किया। उन्होंने बंदियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके पास पर्याप्त खाली समय है और खाली समय का सदुपयोग करते हुए साक्षर बन कर निरक्षरता के कलंक को मिटाएं। फोरम के जिला प्रवक्ता लक्ष्मणराम नैण ने भी बंदियों को पुस्तकों से मित्रता करने की सलाह दी।

## सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारियों का धरना जारी


धरने पर बैठे ग्राम विकास अधिकारी।

**पाटन,** (निसं)। ग्राम विकास अधिकारी संघ के निर्णयानुसार पंचायत समिति पाटन के ग्राम विकास अधिकारियो ने 7 सूत्रीय मांग पत्र पर प्रशासन गांव के संग अभियान 1 अक्टूबर, 2021 तथा 11 दिसंबर 2021 को किये गये समझौते के 2 वर्ष पश्चात भी आज तक एक भी आदेश जारी नहीं किए जाने पर सरकार द्वारा वादा खिलाफी किये जाने के कारण 21 अप्रेल से लगातार अवकाश पर रहते हुए धरना दिया जा रहा है। मंगलवार को धरने में अधिकांश सरपंच गण भी अपनी मांगों को लेकर उपस्थित रहे एवं महंगाई राहत शिविर में पूर्णतया असहयोग किया।

ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की वेतन विसंगति दूर करवाना, एसीपी के स्थान कर चयनित वेतनमान लागू करवाना, अंतर जिला स्थानान्तरण पॉलिसी लागू करवाना, कैडर पुनर्गठन कर उच्च पद सृजित करवाना, तीन वर्षो की लंबित पदोन्नितयां करवाना, डीआरडीए कार्मिकों को नियमित करवाना सहित सात सूत्रीय मांग पत्रो की मांगो तथा लिखित समझौतों के आदेश जारी करवाना मुख्य मांगे हैं।

## पूर्व विधायक आर्य को श्रद्धा सुमन अर्पित किये


जिले के प्रथम जिला प्रमुख व पांच बार विधायक रहे स्व. रावताराम आर्य की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई।

**चूरू,** (कासं)। पंखा सर्किल स्थित मेघवाल मार्केट में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के चूरू मंडल अध्यक्ष अमित कंवल की अध्यक्षता में जिले के प्रथम जिला प्रमुख व पांच बार विधायक रहे स्व. रावताराम आर्य की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्व. आर्य के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किये। भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र कंवल ने स्व. रावताराम आर्य के समाज हित में किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत मेघवाल, महामंत्री दीनदयाल खारडिया, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुनील रामसरा, बिनासर मंडल अध्यक्ष भंवरलाल चौहान, उपाध्यक्ष किशोर सातड़ा, मुकेश कल्ला, भंवरलाल बरोड़, पवन बरोड़, गणेश मेघवाल, महेन्द्र कल्ला, मुकेश खारडिया, राजू बिनासर, प्रितम पेन्टर, कुलदीप कंवल, देवकरण नायक, पवन खारडिया, विनोद कल्ला, रामचन्द्र आसलखेडी, जयप्रकाश बरोड़ आदि उपस्थित थे।

## दर्जन भर युवा आरएलपी में शामिल

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के निजाम चौक स्थित एक निज निवास पर मंगलवार को आरएलपी नेता सीताराम नायक की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुस्लिम समाज के दर्जन भर युवाओं ने आरएलपी का दामन थाम लिया। जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान आरएलपी नेता सीताराम नायक ने दुपट्टा पहनाकर युवाओं को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की सदस्यता ठाहण करवाई। बैठक को संबोधित करते हुए नायक ने कांठोस-बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों का मिलाजुली का खैल जनता जान चूकी है जिससे नाराज युवा आरएलपी पार्टी ज्वॉइन कर रहे हैं। नायक ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव पार्टी के मुखिया हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में मजबूती से लड़ा जाएगा। बैठक में अब्दुल रजाक भुट्टा, अब्दुल गफ्फार, युनूस सोलंकी, इकराम अली, सलमान भुट्टा, समीर सोलंकी, इरशाद, जावेद, आसिफ, इरफान, अजीज, परवेज, साजिद, शाकिर, आरिफ सहित कई युवा मौजूद थे।

## पाटन थाने की बड़ी कार्रवाई, इनामी बदमाश सहित 17 अपराधी पकड़े

**पाटन,** (निसं)। पाटन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 वर्ष से फरार हत्या का उदघोषित पांच हजार रूपये के ईनामी बदमाश सहित अपराधियों की धरपकड के विशेष अभियान में 17 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

इसमें एक उदघोषित अपराधी पांच हजार रूपये का ईनामी, 1 हार्डकोर, 2 एचएस, 4 गिरफ्तारी वारंटो मे गिरफ्तार, 10 आदतन अपराधी गिरफ्तार किए है। पाटन थाना अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि आदतन अपराधी सक्रिय हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये विशेष अभियान में प्राप्त आदेशों की पालना में रतन लाल भार्गव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वृत नीमकाथाना, गिरधारी लाल शर्मा वृताधिकारी वृत नीमकाथाना के निकटतम सुपरविजन में अलग -अलग 34 टीमें गठित कर अलग- अलग 24 जगह दबिश दी गई।

> ■ 34 टीमें गठित कर अलग- अलग 24 जगह दबिश दी गई


पाटन पुलिस के अपराधियों के धरपकड़ विशेष अभियान में अपराधियों को गिरफ्तार किया।

कुल 17 अपराधीयों के साथ एक पिकअप, एक बोलेरो, दो मोटर साईकिल को भी जप्त किया गया है।

थाना में गठित चार टीमो के द्वारा मुखबीर के सहयोग तथा उच्च अधिकारियो से प्राप्त दिशा निर्देशो व सूचना संकलन से थाना के हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधियों के आवास पर दबिश दी गई । थानाधिकारी ने बताया कि इस विशेष अभियान में जगरूप सिंह, नत्थू सिंह व गजेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

## हादसे में दो घायल

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय मेगा हाइवे पर बाइक फिसलने से दो युवक घायल हो गए। लाडनू निवासी नरेश व रमेश गमी में शामिल होने के लिए तहसिल के गांव लोहा रिश्तेदारी में आये हुए थे। मंगलवार को वो दोनो बाइक पर सवार होकर किसी काम रतनगढ आये थे, वापिस लोहा जाते समय मेगा हाइवे पर एस्सार पेट्रोल पंप के पास बाइक फिसलने से दोनो घायल हो गए।

**आम सूचना**

मैं हड़मानाराम हुड्डा पुत्र हिरालाल हुड्डा, जाति जाट, निवासी ग्राम खंडवा, तहसील व जिला चूरू (राज.) का हूं। मेरा पुत्र तेजपाल हुड्डा आए दिन शराब के नशे में घर पर लड़ाई-झगड़ा करता है और मेरा पुत्र मेरे कहने में नहीं रहा है और मेरे पुत्र पर अब मेरा विश्वास नहीं रहा है व वो किसी भी घटना को अंजाम दे सकता है तथा वर्तमान में मेरा पुत्र तेजपाल मेरे नियंत्रण से परे है। जिसको देखते हुए मैं अपने पुत्र तेजपाल को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं और आज से मेरे पुत्र तेजपाल का मेरी चल व अचल सम्पति में किसी प्रकार का हक व अधिकार नहीं रहेगा और आज के बाद मैं अपने पुत्र के व्यवहार व लेन-देन के लिये किसी प्रकार जिम्मेवार नहीं हूं।

भवदीय- हड़मानाराम

## सांसद ने मंडावा के लिए खोला कोष, घोषणाओं से क्षेत्र में खुशी

**झुंझुनूं,** (निसं)। सांसद नरेंद्र कुमार ने मंडावा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सांसद कोटे से पैसा खर्च करने की घोषणा की है। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने सांसद का आभार जताया है।

सांसद नरेंद्र कुमार ने मंडावा विधानसभा के अलसीसर में तीन इंटरलॉक सड़कों एवं एक ग्रेवल सड़क की स्वीकृति प्रदान करी है। जिसमें दामोदर जी राठौड़ के घर से लेकर छगन जी धाबाई के घर तक, बाबूलाल लालपुरिया के घर से लेकर दामोदर पुजारी के घर तक, रमेश झुंझुनूंवाला की दुकान से लेकर विष्णु स्कूल तक इंटरलॉक सड़कें तथा अलसीसर से बिदाणा शक्ति धाम तक ग्रेवल सड़क बनाने की स्वीकृति नदी है। इस अवसर पर कुलदीप पूनियां, रतनसिंह शेखावत, सुनील शर्मा, रोशन धाबाई, छगन धाबाई, दामोदर पुजारी, भानाराम गुडेसर, बनवारी गुडेसर, सुरेंद्र ढेबाण, राजेश बरबड, राजा लालपुरिया, पवन चौहान, रमेश गुडेसर, मूलजी रैगर, राजू मेघवाल, रामकुमार गौरा, दिनेश जांगिड़ इत्यादि लोग मौजूद रहे।


विकास कार्य स्वीकृत करने पर सांसद नरेंद्र कुमार के प्रति आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है।

इधर, ग्राम कुहाडू में मुख्य बस स्टैंड कुहाड़ू, बिसाऊ रोड से भीमसर उर्फ पीपल का बास जाने वाले रास्ते पर ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य के लिए सात लाख रूपए, ग्राम कुहाड़ू में मेघवाल बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए साढे सात लाख रूपए तथा ग्राम गोदू का बास से कुहाडू तक ग्रेवल सड़क निर्माण के लिए साढे चार लाख रूपए सांसद निधी कोष से मंजूर हुए है। जिस पर मंडाव पंचायत समिति सदस्य डॉ. सुमन नेमीवाल, भाजपा नेता हनुमानप्रसाद नेमीवाल, पूर्व सरपंच सुलतान सिंह राहड, विनोद महला, सरपंच मुकेश झाझड़िया, दयानंद कुलहरि सहित अनेक ग्रामीणों ने तीनों विकास कार्य स्वीकृत करवाने पर सांसद नरेंद्र कुमार के प्रति आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है।

## आज और कल यहां लगेंगे महंगाई राहत कैंप

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले में चल रहे मंहगाई राहत कैंप के शिविर बुधवार को 13 ग्रामीण एवं 15 शहरी वार्डों में आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि 26 एवं 27 अप्रेल को खेतड़ी पंचायत समिति की जसरापुर एवं चारावास ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित होंगे।

इसी प्रकार मंडावा की बहादुरवास में, पिलानी की दोबड़ा में, बुहाना की सुलताना अहिरान में, उदयपुरवाटी की बड़ागांव एवं हांसलसर में, चिड़ावा की नरहड़ में, सूरजगढ़ की काजड़ा में, सिंघाना की घरड़ाना कलां में, अलसीसर की कालियासर में, नवलगढ़ की बसावा एवं देवीपुरा में शिविर आयोजित होंगे। वहीं नगर निकाय के कैंप पिलानी नगर पालिका के वार्ड 2 का शिविर राजकीय स्कूल पिलानी में, बिसाऊ के वार्ड 2 का शिविर जटिया हॉस्पिटल में, मंडावा के वार्ड 2 का शिविर ढांढणिया विद्यालय में, नवलगढ़ के वार्ड 2 का शिविर नवलगढ़ पब्लिक स्कूल सेडू स्टैंड नवलगढ़ में तथा वार्ड नं. 30 का शिविर मदरसा नूरल इस्लाम नवलगढ़ में, उदयपुरवाटी के वार्ड नं. 2 का शिविर राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल बावड़ी में, खेतड़ी के वार्ड नं. 2 का शिविर काली माई मंदिर खेतड़ी में, नगर परिषद झुंझुनूं के वार्ड नं. 3 का शिविर श्री डॉट्स चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में तथा वार्ड 4 का शिविर बसंत विहार सामुदायिक भवन में, सूरजगढ़ के वार्ड 2 का शिविर केडिया धर्मशाला में, विद्या विहार नगर पालिका के वार्ड 2 का शिविर गांधी हॉल सीरी कैंपस पिलानी में, बगड़ के वार्ड नं. 2 का शिविर निर्मल सामुदायिक भवन में, चिड़ावा के वार्ड नं. 2 का शिविर बालाजी मंदिर गुगोजी की ढाणी में, मुकुंदगढ़ के वार्ड नं. 2 का शिविर चेजारा गेस्ट हाउस में, गुढ़ागौड़जी के वार्ड नं. 2 का शिविर नगर पालिका कार्यालय में शिविर आयोजित होंगे। वहीं जिले में 70 जगहों पर स्थाई कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है।

**नोटिस**

**53 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, गृह मंत्रालय**

**पोस्ट-पालेम, मण्डल-कालिकिरि, जिला-अन्नामय्या (आन्ध्र प्रदेश)**

दल संख्या-110280489 कॉस्टेबल(जी.डी.) सुरेन्द्र मेघवाल पुत्र श्री रामलाल, गॉव/डाक-मूरडाकया पुलिस थाना-सालसर, तहसील-सुजानगढ़ जिला-चूरू राज्य- राजस्थान, पिन- 331506, 53वीं वाहिनी भा. ति. सी. पुलिस बल आपको इस नोटिस, के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपको दिनांक 22.08.2022 से 09.09.2022 तक 15 दिन आकस्मिक अवकाश स्वीकृति कर 53वीं वाहिनी मुख्यालय से भेजा गया था। आप दिनांक-09.09.2022 (अप्रा.) से बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के लगातार अनुपस्थित चल रहे है और आपकी अनुपस्थिति के कारणों का पता लगाने हेतु न्यायिक जॉच का आदेश पारित किया गया थाऔर न्यायिक जाँच की संस्तुति के अनुसार आपको 53वीं वाहिनी के आदेश संख्या 574-90 दिनांक 23.1.2023 के तहत दिनांक 09.09.2022 (अप्रा)से बल से "भगौड़" घोषित किया गया है। आपको अंतिम अवसर प्रदत्त करते हुए पुनः निर्देशित किया जाता हैकि आप इस नोटिस के प्रकाशन होने के 30 दिन के अन्दर, बिना कोईपत्राचार किये, 53वीं वाहिनी मुख्यालय भा. ति. सी. पुलिस बल, पोस्ट-पालेम, मण्डल-कालिकिरि, जिला अन्नामय्या (आन्ध्र प्रदेश) में अपनी आमद दें अन्यथा यह समझा जाएगा कि आप बल में अब सेवा करने के इच्छुक नहीं हैऔर आपके विरूद्ध भा.ति.सी.पु.बल अधिनियम 1992 तथा भा.ति.सी.पु.बल नियमावली 1994 के अन्तर्गत आपको बिना कोई अग्रिम सूचना दिये अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

सेनानी
53वीं वाहिनी भा.ति.सी.पुलिस बल

CBC 19112/11/0018/2324